# सक्सेस मिरर

वर्ष : 11
अंक : 122
मार्च : 2020

सफलता का कैप्सूल

Visit us at : www.pdgroup.in


## इस अंक में...


7 | सम्पादकीय

8 | समसामयिकी घटना संग्रह

9 | समसामयिकी संक्षिप्तकियाँ

19 | **आर्थिक घटना संग्रह**
- संयुक्त राष्ट्र ने 2020 की विश्व आर्थिक स्थिति और संभावना रिपोर्ट जारी की
- RBI ने वीडियो आधारित ग्राहक पहचान प्रक्रिया को मंजूरी दी
- एयर इंडिया के निजीकरण को मंजूरी
- भारतीय रेलवे का एकीकृत हेल्पलाइन नम्बर
- अमरीका बना भारत का छठा सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता
- भारत की लम्बी दूरी तय करने वाली प्रथम सीएनजी बस

23 | आर्थिक समीक्षा : 2019-20

25 | संघीय बजट : 2020-21

27 | **राष्ट्रीय घटना संग्रह**
- FSI ने भारत में वन क्षेत्र की स्थिति रिपोर्ट 2019 जारी की






- ब्रू–रियांग शरणार्थी संकट के स्थायी समाधान हेतु ऐतिहासिक समझौते पर हस्ताक्षर
- हेमंत सोरेन दूसरी बार झारखंड के मुख्यमंत्री बने
- दिल्ली के पहले स्मॉग टॉवर का शुभारम्भ
- अयोध्या मामले पर विशेष डेस्क का गठन

32 | **अन्तर्राष्ट्रीय घटना संग्रह**
- 31 जनवरी को यूरोपीय संघ से अलग हो जाएगा ब्रिटेन
- समाज को बेहतर बनाने वाले देशों की सूची जारी
- विश्व स्वास्थ्य संगठन ने विश्व मलेरिया रिपोर्ट, 2019 जारी की
- साइबर अपराध रोकने हेतु नया अन्तर्राष्ट्रीय संधि प्रस्ताव
- भारत के औषधि कोष को मान्यता देने वाला अफगानिस्तान पहला देश

35 | विज्ञान समाचार

37 | महत्वपूर्ण तथ्य संग्रह

41 | समसामयिक वस्तुनिष्ठ प्रश्न

43 | राजस्थान : वस्तुनिष्ठ सामान्य ज्ञान


### लेख


44 | **चिकित्सा लेख**—सरोगेसी (किराये की कोख) पर अंकुश के लिए नया कानून

45 | **सामयिक लेख**—एनपीआर की आवश्यकता

46 | **प्रतिरक्षा लेख**—सीमाओं पर पैनी नजर रखेगा रीसैट-2 बीआर-1 उपग्रह

47 | **कृषि लेख**—ऊसर भूमि के विकास से खाद्यान्न समस्या का समाधान

74 | **प्रथम पुरस्कृत तार्किक प्रतियोगिता**

76 | **तार्किक प्रतियोगिता क्रमांक-119 का परिणाम**

77 | **खेल खिलाड़ी**

81 | **रोजगार अवसर**


### हल प्रश्न-पत्र


48 | उत्तराखण्ड समूह 'ग' परीक्षा, 2019

54 | राजस्थान पुलिस कॉंस्टेबिल भर्ती परीक्षा हेतु विशेष हल प्रश्न

63 | राजस्थान पटवार भर्ती परीक्षा हेतु विशेष हल प्रश्न

72 | आगामी बिहार अमीन एवं राजस्थान पटवार परीक्षा हेतु



सर्वाधिकार सुरक्षित, प्रकाशक की पूर्व लिखित अनुमति के इस मैगजीन का कोई भी भाग न तो पुनरुत्पादित किया जाएगा और न किसी भी रूप में, जैसे–इलेक्ट्रॉनिक, मेकेनीकल, फोटोकॉपीइंग, रिकॉर्डिंग अथवा अन्य प्रकार स्टोर किया जाएगा. हालांकि इस संस्करण में प्रकाशित सूचनाओं के सही होने का हरसम्भव प्रयास किया गया है, फिर भी न तो प्रकाशक व न अन्य कोई कर्मचारी किसी भी त्रुटि अथवा छूट के लिए उत्तरदायी होगा. अस्वीकृत रचनाओं को लेखकों को वापस भेजने के लिए उनके साथ स्वयं का पता लिखा हुआ लिफाफा मय उपयुक्त डाक टिकटों के प्राप्त होगा. रचना के देर से पहुँचने अथवा रास्ते में खो जाने की कोई जिम्मेदारी नहीं ली जाती. पत्रिका में लेखकों द्वारा प्रेषित बयानों, विचारधाराओं तथा प्रकाशित विज्ञापनों की कोई जिम्मेदारी **'सक्सेस मिरर'** की नहीं है.



**सम्पादक** : महेन्द्र जैन

**रजिस्टर्ड ऑफिस** : 2/11ए, स्वदेशी बीमा नगर, आगरा–2

**सम्पादकीय ऑफिस**
1, स्टेट बैंक कॉलोनी, वन चेतना केन्द्र के सामने
आगरा–मथुरा बाईपास, आगरा–282 005
फोन–2531101, 2530966
ई-मेल: सम्पादकीय: publisher@pdgroup.in
कस्टमर केयर: care@pdgroup.in

**दिल्ली ऑफिस**
4845, अंसारी रोड, दरियागंज,
नई दिल्ली–110 002
फोन– 011-23251844, 43259035

**पटना ऑफिस**
पारस भवन (प्रथम तल),
खजांची रोड,
पटना– 800 004
फोन– 0612-2303340
मो– 09334137572

**कोलकाता ऑफिस**
H-3, ब्लॉक-B, म्यूनिसिपल प्रीमिसेस No. 15/2, गालिफ स्ट्रीट, पी.एस. श्यामपुकुर,
कोलकाता– 700 003 (W.B.)
फोन– 033-25551510

**हैदराबाद ऑफिस**
16-11-23/37, मूसारामबाग, टीगन गुडा
आर.टी.ए. ऑफिस के सामने मेन रोड
(आन्ध्रा बैंक के बगल में), हैदराबाद–500 036
(तेलंगाना) फोन– 040-24557283

**हल्द्वानी ऑफिस**
8-310/1, ए. के. हाउस
हीरानगर, हल्द्वानी,
जिला–नैनीताल– 263 139
(उत्तराखण्ड)
मो– 07060421008

**इन्दौर**
30-31, जिन्सी हाट मैदान,
बाबा रामदेव मंदिर के निकट
मलहारगंज
इन्दौर– 452 002 (म.प्र.)
फोन– 9203908088

**लखनऊ ऑफिस**
B-33, ब्लंट स्क्वायर, कानपुर टैक्सी स्टैण्ड लेन, मवइंया,
लखनऊ– 226 004
फोन– 0522-4109080
मो– 09760181118

**नागपुर ऑफिस**
1461, जूनी शुक्रवारी,
सक्करदरा रोड, हनुमान मन्दिर के सामने,
नागपुर–440 009 (महाराष्ट्र)
मो– 09370877776

सम्पादकीय

# संकल्प शक्ति का विकास कीजिए



> दृढ़ इच्छा शक्ति वाला व्यक्ति दुनिया को अपने अनुकूल बना लेता है.
>
> **—दार्शनिक कवि गेटे**

एक अत्यन्त मंदबुद्धि विद्यार्थी था. आचार्य अक्सर डंडे द्वारा जमकर उसकी आव-भगत करते थे. मगर वह कभी याद नहीं कर पाता था. एक बार डंडा खाने के लिए उसने दाहिनी हथेली फैलाई, तो आचार्य ने यकायक अपना हाथ रोककर डंडा रख दिया. उनकी आँखों में विस्मय झलकने लगा. बालक ने पूछा, ''आचार्य जी रुक क्यों गए ?''

''बेटे, अनजाने में मैं नाहक ही तेरी पिटाई करता रहा. तेरे हाथ में तो विद्या की रेखा ही नहीं है.

विद्यार्थी डंडे तो शरीर पर सहता रहा, लेकिन आचार्य का यह कथन उसकी आत्मा पर कशाघात सा लगा. उसने पूछा, ''आचार्य जी, कहाँ होती है विद्या की रेखा ?''

आचार्य जी से विद्या की रेखा जानकर वह उठ गया और अगले ही क्षण लहुलुहान दाहिनी हथेली लिए लौटा, ''गुरुजी, मैंने अपनी हथेली में विद्या की रेखा चीर कर बना ली है. अब आप मुझे पढ़ाइए, मैं विद्यार्जन करूँगा.'' आचार्य जी उसका संकल्प-प्रदीप्त मुख देखकर अवाक् रह गए.

संसार ने उस बालक को पाणिनि के नाम से जाना. पाणिनि से बड़ा व्याकरण का ज्ञाता आज तक संसार में कोई नहीं हुआ है.

मनुष्य ही एक ऐसा प्राणी है, जिसको स्वतन्त्र इच्छा अथवा संकल्प-शक्ति का वरदान प्राप्त है. संकल्प शक्ति मनुष्य के मनोबल को ऊर्जस्वित करती है और इसके द्वारा वह महानतम एवं श्रेष्ठतम कार्य सम्पन्न करने में समर्थ होता है. हम विश्व मंच पर कभी-कभी असम्भव प्रायः जो कार्य निष्पादित होते हुए देखते हैं, वे संकल्प-शक्ति की ही देन होते हैं.

हम जब महान् उपलब्धियों पर विचार करने लगते हैं, तो हमें उपन्यासकार जेम्स जायस का यह कथन अक्षरशः सत्य प्रतीत होता है कि ''व्यक्ति को सफलता अपनी वजह से मिलती है, समय, स्थान या परिस्थितियों से नहीं.'' महाभारत प्रसिद्ध एकलव्य का आख्यान इस मान्यता को प्रमाणित करने के लिए पर्याप्त है. गुरु-दक्षिणास्वरूप सीधे हाथ का अँगूठा कटाकर तथा पाषाण प्रतिमा रूप गुरु से प्रेरणा लेकर वह अर्जुन के समकक्ष धनुर्धर बन गया था. राम बोला सदृश कामी युवक अपनी संकल्प शक्ति द्वारा अमरकाव्य रामचरितमानस का अमर रचयिता गोस्वामी तुलसीदास बन गया था. आधुनिक काल में महात्मा गांधी दृढ़ संकल्प शक्ति द्वारा निर्मित विश्ववद्य महापुरुष के ज्वलन्त उदाहरण हैं.